# कलेक्टर सुराणा ने बोबासर बीदावतान में सुनी ग्रामीणों की समस्याएं



चूरू जिले के बोबासर बीदवतान में कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने ग्रामीणों की समस्याएं रात्रि चौपाल में सूनी।

चूरू, (का.सं.)। जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने शुक्रवार को सुजानगढ़ पंचायत समिति के बोबासर बीदावतान ग्राम पंचायत मुख्यालय पर आयोजित रात्रि चौपाल में ग्रामीणों के दु:ख.दर्द सुने और उनके निस्तारण के लिए अधिकारियों को मौके पर ही निर्देश प्रदान किए।

इस दौरान जिला कलक्टर ने तसल्ली पूर्वक एक.एक ग्रामीणों की बात सुनी और उसके समुचित समाधान के लिए संबंधित विभाग के अधिकारी को कहा। उन्होंने ग्रामीणों से विभिन्न विभागों की सेवाओं को लेकर फीडबैक लिया और विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। ठामीणों ने प्रमुखत: बिजली, पानी सेवाओं में सुधार के लिए अपनी समस्याएं जिला कलेक्टर को दीं। जिस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए और कहा कि बिजली, पानी जैसी आवश्यक सेवाओं में किसी प्रकार की कोताही नहीं करें। ग्रामीणों द्वारा ढाणियों में बिजली, पानी आपूर्ति की समस्या बताए जाने पर जिला कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि वे नियमानुसार ढाणियों में कनेक्शन दें तथा ग्रामीणों की आवश्यकता के अनुसार उन्हें बिजली, पानी आपूर्ति सुनिश्चित करें। इस दौरान ग्रामीणों ने विभिन्न रास्ते खुलवाने के लिए भी जिला कलेक्टर का ध्यान आकर्षित किया। जिस पर कलेक्टर सुराणा ने तहसीलदार को आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया।

जिला कलक्टर ने इस दौरान ग्रामीणों से कहा कि राज्य सरकार की ओर से समस्याओं के समाधान के लिए त्रिस्तरीय सुनवाई की व्यवस्था की गई है। माह के प्रथम गुरुवार को ठााम पंचायत स्तर पर जन सुनवाई की व्यवस्था की गई है। जिसमें ग्रामीणों अपनी समस्याएं लेकर जा सकते हैं। वहां भी समाधान नहीं होने पर ग्रामीणों माह के दूसरे गुरुवार को उपखंड मुख्यालय पर होने वाली जन सुनवाई में अपनी फरियाद रख सकते हैं। उसके बाद भी यदि आवश्यकता महसूस हो तो हर माह के तीसरे गुरुवार को जिला स्तर पर होने वाली जन सुनवाई में ग्रामीणों उपस्थित होकर अपनी समस्याएं रख सकते हैं। इसके अलावा अनेक प्लेटफॉर्म हैं। जिन पर शिकायत की जा सकती है। जिला कलक्टर ने चौपाल में मौजूद अधिकारियों से कहा कि वे आमजन की समस्याओं को गंभीरता से लें और यह कोशिश करें कि प्राथमिक स्तर पर ही समस्याओं का निस्तारण हो। ठामीणों के साथ संवेदनशीलता से व्यवहार करें और यह सुनिश्चित करें कि विभागीय सेवाओं के लिए उन्हें अनावश्यक परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।

## 'खेलों से होता है सर्वांगीण विकास'

चूरू, (का.सं.)। खेलों से सर्वांगीण विकास होता है। शिक्षा के साथ.साथ खेलों को भी प्राथमिकता देनी चाहिए। जैतपुरा में चल रही 68वीं जिला स्तरीय 17 व 19 वर्ष छात्र.छात्रा रग्बी फुटबॉल प्रतियोगिता के समापन समारोह में जैतपुरा निवासी भामाशाह और एडवोकेट बालवीर श्योराण बोल रहे थे। जानकारी देते हुए प्रधानाचार्य राजपाल ओला ने बताया कि 19 वर्ष छात्र में शास्त्री पब्लिक उच्च माध्यमिक विद्यालय बास ढाकान विजेता रही। वहीं 17 वर्ष छात्र व छात्रा में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जैतपुरा विजेता रही। इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच प्रतिनिधि सुभाष गौस्वामी ने कहा कि छात्र हमारे भविष्य हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनिल श्योराण ने की। इस अवसर पर एसीपीओ दीवान सुराए अशोक पूनियाए राम सिंह सहारणए धर्मेंद्र श्योराण सहित कई लोगों ने संबोधन किया। नवयुवक मंडल जैतपुरा के अजीत पूनियाए प्रशांत स्वामीए पुष्पेंद्र कुमार ने बताया कि सभी टीमों के लिए भोजन और जलपान की व्यवस्था निशुल्क की गई है। भामाशाह मनीष कुमार जैतपुरा ने बताया कि प्रतियोगिता को लेकर आसपास के गांवों में काफी उत्साह का माहौल है।

## सार-समाचार

### कलेक्टर से शिकायत की

सुजानगढ। (नि.स.) क्षेत्र की ग्राम पंचायत ढाणी स्वामीयान में हुए विकास कार्यों में गबन-घोटाला और अनियमितताओं को लेकर ग्रामीणों ने कलेक्टर अभिषेक सुराणा से शिकायत की है। ग्रामीणों ने कलेक्टर को बताया की ग्राम पंचायत में करोडों की लागत से बनकर तैयार हुए पांच मॉडल तालाबों और सार्वजनिक कुण्ड निर्माण कार्यों में सरपंच हीरा देवी मेघवाल और उसके पति ने अधिकारियों से सांठगांठ करके विकास कार्यों में घटिया निर्माण सामग्री लगाकर गबन कर लिया। जिसकी जब तक निष्पक्ष जांच नहीं हो जाती तब तक बकाया भुगतान रोका जाएं। ग्रामीणों ने शिकायत में बताया कि ग्राम पंचायत ढाणी स्वामीयान में महानरेगा योजना के अंतर्गत अमृत सरोवर मॉडल तालाब के नाम से करोडों की लागत से ढाणी स्वामीयान, रामदेवरा, कोठिनडा, ढाणी पोटलियान, देवली तलाई सहित कुल पांच जगहों पर मॉडल तालाब (जलाशयों) के निर्माण कार्यो व सार्वजनिक जोहड में लाखों की लागत से नवनिर्मित कुण्ड निर्माण कार्य हुए है। सरपंच हीरा देवी मेघवाल व उसके पति मोहनराम की अधिकारियों के साथ सांठगांठ कर गबन करने का आरोप लगाते हुए शिकायत में बताया गया कि अनियमितता एवं घटिया निर्माण सामग्री के उपयोग से पहली बरसात में तालाब ध्वस्त हो गये। मामले की शिकायत करने वाले सामाजिक कार्यकर्ता जोधाराम और जगदीश प्रसाद ने बताया कि उन्हें सरपंच और उसके पति द्वारा झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकियां भी दी जा रही है। जिससे उनकी जान को खतरा है। ग्रामीणों ने कले1टर से विकास कार्यों में हुई अनियमितता की निष्पक्ष जांच नहीं होने तक कार्यकारी एजेंसी को भुगतान नहीं करने की मांग की है। जिस पर जिला कले1टर अभिषेक सुराणा ने निष्पक्ष जांच का आदेश दिया है।

### एडवोकेट युनूस को दी बधाई

चूरू, (का.सं.)। जिला अभिभाषक संघ चूरू के एडवोकेट यूनुस खान बीनासर को सेंट्रल नोटरी भारत सरकार के द्वारा बनाए जाने पर सेंट्रल नोटरी पब्लिक पब्लिक बनाए जाने पर उन्हें खुशी जाहिर कर उनको बधाई दी वही कायमखानी समाज संघ ने भी उनको बधाई दी। दिन भर सोशल मीडिया पर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा यूनुस खान एडवोकेट हाजी यूनुस खान एडवोकेट ने बताया कि भारत सरकार के द्वारा मुझे सेंट्रल लॉटरी पब्लिक बनाने पर में केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल का आभार व्यक्त करता हूं और अपनी सेवा संतोषप्रद देता रहुंगा। आज भारत सरकार के द्वारा सेंट्रल नोटरी पब्लिक का प्रमाण पत्र उन्हें आज प्राप्त हुआ। चूरू बार के सभी अधिवक्ताओं ने उनको बधाई दी।

### जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

चूरू, (कासं.)। राजस्थान महिला कल्याण मंडल संस्था द्वारा चूरू ज़िले मे कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फ़ाउंडेशन के सहयोग से संचालित परियोजना एक्सिस टू जस्टिस फॉर चिल्ड्रन फ़ेस थ्री के निदेशक राकेश कौशिक के निर्देशानुसार बढ़ते बाल अपराधों के मामलों से अधिक से अधिक समुदाय, विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए गए। इसके तहत परियोजना की जिला समन्वयक रुकैया पठान के मार्गदर्शन में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लालासर में बाल अधिकारों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें बच्चों को बाल विवाह, बाल संरक्षण, बाल यौन शोषण, बाल दुर्व्यवहार, बाल श्रम से संबंधित अपराधों के प्रति जागरूक किया। परियोजना के रेड एंड रेस्क्यू कोर्डिनेटर कपिल भाटी के द्वारा बाल विवाह के दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए बताया गया कि बाल विवाह एक अभिशाप है। छोटी उम्र में बच्चों का विवाह करने से उससे उत्पन्न संतान कुपोषित होती है। साथ ही बच्चों के परिवार के भरण पोषण के लिए अतिरिक्त आर्थिक दबाव हो जाता है, रोज़गार में रुकावट आने लगती है। किशोरावस्था में गर्भधारण से मात्राओं शिशु मृत्यु की संभावना बढ़ती है, मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ते हैं शिक्षित नहीं होने की वजह से नौकरी रोज़गार पाने के कम अवसर मिलते हैं। संस्था के टीम से रिज़वान खान् द्वारा बाल विवाह रोकथाम को लेकर उपस्थित अध्यापक, अध्यापिकाओं व विद्यार्थियों को शपथ दिलायी गई। बाल अधिकारों पर प्रश्नोतरी प्रतियोगिता करवाई गई जिसका संचालन भगवती कस्वां ने किया। विद्यालय के उप प्राचार्य रणवीर सिंह राठौड़ ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि बाल विवाह अभिशाप व अपराध दोनों है। कार्यक्रम में उत्तम सिंह राठौड़ वरिष्ठ अध्यापक, रजनी व्याख्याता, बेगराज कस्वां, महेश कुमार शर्मा, रवि महर्षि, मदन लाल कस्वां, कपिल धांधु, शीशराम दहिया, आनंद कालेर, अमरसिंह आदि उपस्थित रहे।

### किसानों से मुलाकात की

चूरू, (कासं.)। मत्स्य पालन विभाग की निदेशक संजीता विश्नोई ने चूरू में झींगा उत्पादक किसानों से मुलाकात कर किसानों की समस्याओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने किसानों को यकीन दिलाया कि इस पर अवश्य कार्यवाही कर निस्तारण का प्रयास किया जावेगा। इस अवसर पर झींगा उत्पादक किसान संघ के अध्यक्ष रियाजत खान ने उन्हें बताया कि हमसे बिजली विभाग व्यावसायिक दर से बिल वसूल करता है, जबकि यह कृषि वर्ग का काम है। खान ने कहा कि देश को विदेशी मुद्रा अर्जित करके दे रहे हैं।

## खेतड़ी मे बंदरों का आंतक , ग्रामीण परेशान

खेतड़ी, ( निसं ) खेतडी कस्बे में इन दिनो बंदरों के आंतक से ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड रहा है। समस्या को लेकर ग्रामीणजन कई बार प्रशासन से गुहार लगा चुके हैं। इसके बावजूद भी समाधान नहीं होने पर प्रशासन से समस्या का समाधान करने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में इन दिनोंबंदरों की संख्या अधिक हो जाने के कारण लोग घरों में रहने को मजबूर हो रहे हैं।बंदरआए दिन किसी न किसी घर में घुसकर बच्चे, बुजुर्गों, राहगीरों, व महिलाओं पर हमला कर उन्हें घायल कर देते हैं। इसके अलावा घरों में सुखाए जाने वाले कपडे व सामान को भी उठा ले जाते हैं। वार्ड नौ के निवासी राजेश कुमार ने बताया कि बंदरों केआतंकको वजह से ग्रामीणों के जान पर आफत बनी हुई है। सुबह दूध वाला दूध सप्लाई करने के लिए आया तथा तो एक बंदर ने उस पर हमला कर दिया, जिससे उसका दूध सडक पर ही बिखर गया।बंदरों की संख्या अधिक होने से लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो रहा है।बंदरों की टोलियां घरों में घुसकर घर में रखा सामान उठा ले जाती हैं। उन्होंने बताया किबंदरों का इस समयआतंकइस कदर बढ़ गया है कि गांव के सरकारी अस्पताल मेंबंदरके काटने से रोजाना एक केस आ रहा है, जहां रेबीज का इंजेक्शन लगाकर उनका उपचार किया जाता है। महिला सुनीता देवी ने बताया कि जब वह अपने छत पर कपडे सुखाने के लिए गई थी। कुछ देर बाद जाकर देखा तो उसके कपडे वहां नहीं मिले। जब उसने अन्य कपडे छत से उतारने का प्रयास किया तोबंदरों ने उस पर हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गई। घायलावस्था में उसे उपचार के लिए राजकीय अस्पताल ले जाएगा। ग्रामीणों ने बताया किबंदरों कीआतंकको समस्या से परेशान होकर ग्रामीण कई बार प्रशासन से इनको पकडकर दूर ले जाने की मांग उठा चुके हैं, लेकिन प्रशासन मामले को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है। इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि यदि प्रशासन ने जल्द ही मामले में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की तो ग्रामीणों की ओर से सिंघाना पालिका कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

## विश्व रेबीज दिवस मनाया

पाटन (नि.स.)। विश्व रेबीज दिवस पर जिम्मेदार श्वान पालकों ने बढ़चढ़कर टीकाकरण अभियान में भाग लिया। पशुपालन विभाग के जिला उपनिदेशक डॉ रणजीत मेहरानियां ने बताया कि अपने पालतू श्वान को साथ लेकर पहुंचे श्वान पालकों ने श्वान के निशुल्क एंटी रेबीज वैक्सीन लगवाई और पशु चिकित्सकों से श्वान के स्वास्थ्य, पोषण, टीकाकरण चार्ट के बारे में सारी जानकारियां प्राप्त की। रेबीज मुक्त भारत के संदेश को लेकर चले अभियान में पशु कल्याण कार्यकर्ता और पशु प्रेमियों का सहयोग प्राप्त हुआ। उल्लेखनीय है कि नगर परिषद से टेंडर प्राप्त संस्था द्वारा आवारा श्वान भी पकडे जा रहे है और पशुपालन विभाग ने तीन दिन से आवारा श्वानो के टीकाकरण के लिए डॉ योगेश आर्य, नरेश शर्मा और संजू दादरवाल की टीम लगाकर एंटी रेबीज वैक्सीन लगाई जा रही है।डॉ मेहरानियां ने बताया कि विश्व रेबीज दिवस के अवसर पर जिला उपनिदेशक कार्यालय में तकनीकी सेमिनार और जिले के सभी ब्लॉक कार्यालयो में रेबीज जागरूकता शिविर का भी आयोजन किया ।

## 68 वीं जिला स्तरीय भारोतोलन प्रतियोगिता का समापन

सुजानगढ (नि.स.)। राजकीय पी.सी.बी. उ.मा. विद्यालय में आयोजित 68 वीं जिला स्तरीय भारोतोलन प्रतियोगिता का समापन समारोह पूर्वक संपन्न हुआ। उप जिला शिक्षा अधिकारी रामूराम बुंदेला के मु2य आतिथ्य एवं सीबीईओ सुनीता पूनिया की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में भामाशाह कौशल्या गुलेरिया, पवन कुमार तोदी, भामाशाह जवाहर सिंह खीचड, प्रधानाचार्य रणवीर सिंह महरिया मंचासीन थे। अतिथियों ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। धनराजभ्भाटी, मुन्नालाल ढेनवाल, पूनम कंवर, विजय लक्ष्मी, रामलाल डूडी, गणेशचंद, कमल, हरिराम, प्रधानाचार्य रामवतार शर्मा ने माल्यार्पण कर एवं मोमेंटो प्रदान कर अतिथियों का स्वागत किया। प्रधानाचार्य रणवीर सिंह महरिया ने बताया कि 17 वर्षीय छात्रा वर्ग में प्रथम आने वाली आठ छात्राओं, द्वितीय आने वाली सात, 19 वर्षीय छात्रा वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली आठ एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली पांच छात्राओं, 17 वर्षीय छात्र वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले आठ, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले सात, 19 वर्षीय छात्र वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले सात एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले पांच छात्रों को अतिथियों द्वारा पुरूस्कृत किया गया। संस्था प्रधान ने बताया कि भामाशाह जवाहर सिंह खीचड द्वारा अपने माता-पिता पुसी देवी एवं धन्नाराम खीचड की स्मृति में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को पुरूस्कृत किया गया। महरिया ने बताया कि 17 वर्ष छात्रा वर्ग में राजकीय उ.मा. विद्यालय लंबोर बडी, 19 वर्षीय छात्रा वर्ग में महात्मा गांधी विद्यालय गांधी बस्ती सुजानगढ, 17 व 19 वर्षीय छात्र वर्ग में राजकीय पी सी बी उ मा विद्यालय सुजानगढ की टीमें विजेता रही।



## सात दिवसीय महारानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण शविर का समापन

चूरू, (कासं.)। जिला मुख्यालय स्थित ज्ञान ज्योति आईटीआई महाविद्यालय में शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित 7 दिवसीय महारानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ।

एसीबीईओ खालिद अली तुगलक की अध्यक्षता में आयोजित समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ओमदत्त सहारण थे। बतौर विशिष्ट अतिथि आरपी श्यामसुन्दर पूनिया, आबिद खान उपस्थित रहे। दक्ष प्रशिक्षक सुमित्रा सर्वाए मंजू पूनिया, नील कमल, शिमला कुमारी, सुनेस्टा, कमलेश कुमारी ने सभी संभागियों को रोचक ढंग से आत्मरक्षा के गुर सिखाए। मुख्य अतिथि सीबीईओ सहारण ने सभी संभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी ने जो यहां सीखाए उसे पूर्ण मनोयोग से क्रियान्वित करते हुए बच्चियों को मजबूत बनाएं और उनमें किसी भी विपरीत परिस्थिति में बिना घबराए मुकाबला करने की योग्यता विकसित करें। उन्होंने कहा कि आत्मबल इसके लिए सबसे जरूरी चीज है।

■ **कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ओमदत्त सहारण थे। बतौर विशिष्ट अतिथि आरपी श्यामसुन्दर पूनिया, आबिद खान उपस्थित रहे।**

एसबीईओ तुगलक ने बताया कि महारानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण राजस्थान पुलिस अकादमी एवं स्कूल शिक्षा परिषद जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में कक्षा 6 से 12 तक की बालिकाओं को आत्मविश्वास देने, आत्मनिर्भर बनाने तथा आत्मबल पैदा करने के लिए चलाया जाता है। इसके लिए प्रत्येक जिले से चार-चार महिला शारीरिक शिक्षक को प्रशिक्षण के लिए राजस्थान पुलिस अकादमी से प्रशिक्षण मिलता है। जयपुर से प्रशिक्षण प्राप्त कर एसआरजी के रूप में संबंधित ब्लाक के अन्य शारीरिक शिक्षक के साथ मिलकर ब्लॉक की समस्त उच्च प्राथमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय से एक-एक महिला शारीरिक शिक्षक-शिक्षिका को ब्लॉक स्तर पर प्रशिक्षित किया जाता है। ब्लॉक से प्रशिक्षित संभागी अपने विद्यालय की बालिकाओं को प्रशिक्षित करती हैं। पूनिया ने सभी सहयोगियों का कैंप के सफलता पूर्वक सम्पन्न करवाने पर आभार व्यक्त किया। ।

## विज्ञान मेले का आयोजन

सुजानगढ । (नि.स.) पीएम श्री राजकीय कनोई बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में शनिवार नो बेग डे की गतिविधियों के दौरान किशोरी मेले व विज्ञान मेले का आयोजन किया गया। किशोरी मेले में भाग लेने वाली समस्त छात्राओं को तीन जोन में वर्गीकृत किया गया। प्रथम जोन में हिंदी व अंग्रेजी, द्वितीय जोन में गणित व विज्ञान तथा तृतीय जोन में सामाजिक व समसामयिकी विषय पर मॉडल व पोस्टर प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। विज्ञान मेले में विज्ञान से संबंधित मॉडल, पोस्टर क्विज, सेमिनार प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। समस्त गतिविधियों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त छात्राओं को प्रधानाचार्य सरोज पूनिया वीर द्वारा स6मानित किया गया। इस दौरान जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में विद्यालय की दो छात्राओं दिव्या जांगिड व दिशा जांगिड ने प्रथम स्थान प्राप्त कर कोटा में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चूरू जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए भाग लिया।

## भगत सिंह की मूर्ति का अनावरण एवं पार्क का लोकार्पण

सीकर । नेछवा पंचायत समिति के घिरनिया बड़ा ग्राम में शहीद ए आजम भगत सिंह जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा का अनावरण एवं भगत सिंह पार्क का लोकार्पण प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा एवं सांसद कॉमरेड अमराराम द्वारा किया गया। इस अवसर पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए कॉमरेड अमराराम ने कहा कि भगत सिंह और उनके क्रांतिकारी साथियों ने जिन मूल्यों और आदर्शों के लिए बलिदान दिया, हम वैसा देश और समाज आज भी नहीं बना पाएं हैं। भगतसिंह का सपना था कि आजादी के बाद भारत में वर्गहीन शोषणविहीन समाजवादी समाज की स्थापना हो तथा सत्ता पर किसान-मजदूर- मेहनतकश जनता का नियंत्रण हो। लेकिन आज पूंजीवादी कॉरपोरेट और सांप्रदायिक ताकतों ने सत्ता को हथिया कर देश के तमाम संसाधनों पर नियंत्रण कर लिया है तथा संविधान और लोकतंत्र को तहस नहस कर दिया है। इसीलिए किसानों को आंदोलन के लिए मजबूर होना पड़ा। किसान आंदोलन ने देश के संविधान और लोकतंत्र को बचाने का काम किया है। अब जरूरत इस बात की है कि देश का युवा, किसान, मजदूर और आम जनता शहीद ए आजम भगत सिंह से प्रेरणा लेकर उनके सपनों के भारत का निर्मित करने, देश के संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए इस संघर्ष को और व्यापक बनाए। प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह टोडासरा ने कहा कि शहीद ए आजम भगत सिंह की प्रतिमा गांव गांव,ढाणी ढाणी लगनी चाहिए, ताकि नौजवान पीढ़ी उनसे प्रेरणा ले सके। उन्होंने कहा कि शहीदों के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम किसी राजनीतिक उद्देश्य के लिए नहीं होते, ऐसे कार्यक्रमों में सभी विचारधाराओं के लोगों को शामिल होकर हमारे स्वाधीनता सेनानियों का दिल से सम्मान करना चाहिए।

## कबड्डी प्रतियोगिता

चूरू, (का.सं.)। बीनासर गाँव मे युवा साथियों की ओर से गुंसाई जी महाराज की मेड़ी पर शहीद ए आजम भक्त सिंह की जयंती पर वीर भगत सिंह जूनियर कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सबसे पहले शहीद ए आजम भगत सिंह की जयंती पर शेर ए लाल भगत सिंह को पुष्प अर्पित करके नमन और श्रद्धाजली अर्पित की। कबड्डी प्रतियोगिता का उदघाटन फीता काटकर गुसाई महाराज के भक्त कैलाश दास ने किया। अध्यक्षता भानीराम भाकर ने की।


### ईश्तहार बेदखली

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि मेरा अभिभाष्य सुरेन्द्र कुमार पुत्र रामसिंह जाति अहीर निवासी बडबर तहसील बुहाना जिला झुंझुनू राज0 यह घोषणा करता है कि मेरे अभिभाष्य के लड़के रमेश कुमार ने अपनी मर्जी से ज्योति यादव पुत्री रामकिशोर यादव निवासी सतबारी रोड़ कानपुर से शादी की थी तथा लड़की प्रियंका यादव भी अपनी मर्जी से शादी कर रही है।

अब मेरे अभिभाष्य का पुत्र रमेश कुमार व पुत्र वधु ज्योति यादव व लड़की प्रियंका यादव मेरे अभिभाष्य से झगड़ा करतें है तथा मेरे अभिभाष्य के कहे अनुसार नही चलते है तथा मानसिक रूप से प्रताड़ित करके रूपये ऐठते है अब मेरा अभिभाष्य अपने पुत्र रमेश कुमार पुत्र वधु ज्योति यादव तथा पुत्री प्रियंका यादव को अपनी चल व अचल सम्पति से बेदखल करता है। सूचित रहे।

भवदीय-जगदेव सिंह यादव एडवोकेट
कोर्ट परिसर बुहाना जिला झुंझुनू राज.
मो.-9413569446


## निर्माणाधीन टंकी पर सुरक्षा मापदंडों की अनदेखी, मौहल्लेवासियों ने की शिकायत



सुजानगढ हनुमान धोरा स्थित टंकी पर प्रदर्शन करते हुए मौहल्लेवासी।

सुजानगढ। (नि.स.) हनुमान धोरा में निर्माणाधीन पेयजल टंकी पर सुरक्षा मापदंड नहीं होने की को लेकर मौहल्लेवासियों ने जलदाय विभाग के सहायक अभिंयता को शिकायत की है। शिकायत में मौहल्लेवासियों ने बताया कि बडी टंकी के निर्माण के दौरान काम में ली जा रही बल्लिया मजबूत नहीं और ना ही सुरक्षित है। निर्माण कार्य के दौरान किसी प्रकार के सुरक्षा इंतजामों का ठेकेदार द्वारा उपयोग नहीं किया जा रहा है। टंकी निर्माण में ना फोल्डिंग है और ना ही गाटर का उपयोग किया जा रहा है। इतने बडे निर्माण में फोल्डिंग के बाद गाटर का प्रयोग करने के पश्चात कलापिंग की जाती है। इसके पश्चात अन्य सामान/सामग्री काम में ली जाती है। निर्माण कार्य के चारो तरफ से3टी नेट नहीं है। टीन शेड नहीं होने के कारण सरिया बरसात में भीग कर जंग खा रहा है। सीमेंट और बजरी का मसाला अवैद्य रूप से मि1सर से बाहर मिलाया जा रहा है, जिससे उसकी गुणवता में फर्क आता है। शिकायत में मौहल्लेवासियों ने मजदूरों से बिना से3टी बेल्ट के काम करवाया जा रहा है। शिकायत में निर्माण कार्य में धांधली का आरोप लगाते हुए गुणवता की जांच करने, से3टी बेल्ट का उपयोग करने सहित सुरक्षा नियमों की पालना करवाने के साथ ही गलत तरीके से किये गये निर्माण को सही करवाने की मांग की गई है। शिकायत पर विमल जांगिड, हीरालाल, सुभाष, प्रदीप, मनसुख, केसरीचंद, सुशील, शेरसिंह, मुकेश, ओमप्रकाश, मनोज कुमार, मोहन, इंद्रसिंह, सहित अनेक मौहल्लेवासियों के हस्ताक्षर है। जलदाय विभाग के सहायक अभियंता कैलाश वर्मा ने बताया कि हर सातवें दिन और 28 वें दिन सेंपलिंग, टेस्टिंग सब चीजें समय पर होती हैं। ठेकेदार को सुरक्षा मानकों के पालन के लिए पाबन्द किया हुआ है।

## आठवें दिन फिल्म बावळती रही हाउसफुल

रतनगढ़,। समाचार जगत ब्यूरो।चन्द्र फिल्म्स प्रोडक्शन के बैनर तले बनी राजस्थानी फिल्म बावळती शुक्रवार को आठवें दिन रतनगढ़ के सूर्य थियेटर में हाउसफुल रही। फिल्म बावळती पिछले शुक्रवार से यहां चल रही है। फिल्म निर्माता निर्देशक राजेन्द्र सिंह शेखावत ने बताया कि केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड से यू प्रमाण पत्र प्राप्त फिल्म बावळती में राज कुमार नायक, गीतिका डीगवाल, पवन तोदी, चंद्र कला चंद्रेश, सुशील कुमार जोशी, सरोज बरोड़, अन्नू पूनिया, हरि हरनी, आरती, आशुतोष उपाध्याय, बीरबल नोखवाल, मंगल व्यास भारती, बाबूलाल तुनगरिया आदि ने मुख्य भूमिका अदा की है। फिल्म के गीत दिग्विजय सिंह गोगटिया और राजेंद्र सिंह शेखावत ने लिखे हैं। संगीत राजेंद्र शरणोत और शंकर महेश्वरी का है। गीतों को आवाज रघुवीर सिंह राठौड़, शंकर महेश्वरी, राधेश्याम घांघू और सोनू महेश्वरी ने दी है। फिल्म के डीओपी और संपादक पंकज सोनी रहे। फिल्म की शूटिंग घांघू, लूंछ, चूरू, रतनगढ, जयपुर आदि स्थानों पर हुई है। इस फिल्म में अभिनेता अफजल हसन गोरी, पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवा, लीटू कल्पनाकांत, ,राजपुरोहित आदि ने अतिथि कलाकर के रूप में अभिनय किया है। फिल्म को लेकर विद्यार्थियों में काफी उत्साह देखा गया। उल्लेखनीय है ।

## लियो क्लब सीकर व लायंस क्लब सीकर का आयोजन

सीकर । लियो क्लब सीकर व लायंस क्लब सीकर प्राइड शहर की सबसे बड़ी होटल सिया ईन गरबा नाइट 2024 का आयोजन रविवार 13 अक्टूबर, रानी सती गार्डन में करने जा रहा है।

जिसकी 15 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारम्भ आज से पोलो ग्राउंड स्थित विद्याश्रम स्कूल में किया गया।सर्वप्रथम भगवान गणेश के चरणो में दीप प्रज्वलन किया गया।सभी लॉयन व लियो सदस्यों ने हाथ जोड़कर गणपति जी से कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रार्थना की।तत्पश्चात क्रॉसलैंड डांस क्रु से शिवाय, राहुल व उनकी टीम द्वारा सभी प्रतिभागियों को प्रशिक्षित करने के कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

लायंस क्लब सीकर प्राइड अध्यक्ष लायन मोहनीश चुग ने बताया कि प्रशिक्षण शिविर क्लास 15 दिन रहेगी जो 28 सितंबर से 12 अक्टूबर तक चलेगी।जिसका रजिस्ट्रेशन शुरू हो चुका है।लियो लॉयन सज्जन अग्रवाल ने बताया इस शिविर में बच्चे,लड़कियां व महिलाएं अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं।प्रथम 150 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने पर होटल सिया इन,यूनिमैक्स सच्चा सोना सोप,जीविका सोनोग्राफी एवं डायग्नोस्टिक सेंटर,इंफिनिट यूनिसेक्स ब्यूटी सैलून,पावर फिट जिम,हेल्थ गुरु,तिरुपति डोसा,फाइनल टच होम डेकोर, जैन डेंटल क्लिनिक,गौरव हॉस्पिटल,रंगरीति बीबा, साईं बाबा स्टूडियो द्वारा विशेष ऑफर कूपन दिए जाएंगे। शिविर संयोजक लियो स्नेहा खेतान और लियो दीपेश गुप्ता ने बताया 300 रुपये की कपल / फैमिली चैरिटी टिकट (आकर्षक ऑफर सहित) लेकर शहर के सभी लोग 13 अक्टूबर को होने वाले इस कार्यक्रम का आनंद ले सकते है।साथ ही कार्यक्रम की तैयारियां श्री श्यामपुरा बालाजी इवेंट से लियो दीपांशु मित्तल द्वारा बड़े ही जोर-शोर की जा रही है ।सीकर में फिर एक बार गरबा नाइट में गुजराती,बॉलीवुड के साथ मचेगी धूम।

साथ ही कार्यक्रम की तैयारियां बड़े ही जोर-शोर से चल रही है।इस दौरान कार्यक्रम में लियो क्लब सीकर अध्यक्ष लियो सुमित गोड़,लायन मनोज अग्रवाल,लायन डॉक्टर प्रीति जैन,लायन पूनम शर्मा,लायन अशोक जयपुरिया,लायन समता जयपुरिया,लायन पल्लवी जैन,लियो दीपेश गुप्ता,लियो रजनी अग्रवाल,लियो जितेंद्र खेतान,लियो स्नेहा खेतान आदि क्लब सदस्य मौजूद रहे।


### उत्तर पश्चिम रेलवे — ई - ऑक्शन सूचना

सं. 86ऐसी / पार्किंग & पे एण्ड यूज शौचालय / ई-नीलामी / 2022 दिनांक : 25.09.2024

मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), उत्तर पश्चिम रेलवे, बीकानेर भारत के राष्ट्रपति की ओर से बीकानेर मण्डल पर pay and use Toilet, Parking, Advertisement - out of Home, Advertisement on station premise Non-Digital, Advertisement -Train Exterior (Below window) ठेको के लिए ई-ऑक्शन प्रारम्भ किये गये है जिनका विवरण निम्न प्रकार है :-

| केटलॉग संख्या | कार्य का नाम व स्थान | ई- आक्शन की दिनांक व समय |
|---|---|---|
| EA PAYANDUSE 15 | सिरसा, गोगामेड़ी रेलवे स्टेशन पर पे एण्ड यूज टॉयलेट की साफ-सफाई हेतु। | दिनांक 09.10.2024 समय 13:00 बजे ई-ऑक्शन होगा। |
| EA PARKING 14 | हिसार रेलवे स्टेशन पर कार पार्किंग स्टेण्ड एवं हांसी, संगरिया, लोहारू, भिवानी, गजसिहंपुर, हिसार द्वितीय प्रवेश द्वार, सिरसा प्रथम प्रवेश द्वार, जैतसर रेलवे स्टेशनों पर साईकल, स्कूटर, मोटर साईकल, कार पार्किंग स्टेण्ड। | दिनांक 09.10.2024 समय 15:00 बजे ई-ऑक्शन होगा। |
| ADV OOH 25 | Advertisement - out of Home at : सादुलपुर, गजसिंहपुर, नोहर, श्रीविजयनगर, राजलदेसर, रामा, बीकानेर, अनुपगढ़, कलानौर कला, Advertisement on station premise Non-Digital at: भिवानी, सिरसा । | दिनांक 14.10.2024 समय 15:00 बजे ई-ऑक्शन होगा। |
| ADV VW 01 | Advertisement -Train Exterior (Below window) 1. Train No. 04702/01 | दिनांक 15.10.2024, समय 15:00 बजे ई-ऑक्शन होगा। |

LGH ABS Special, 04771/72 BTI-APH SPL. 04783/84 BTI-SSA SPL., 14722/21 ABS-JU EXP (DAILY). 2. Train No. 20473/74 [CHETAK EXP] DEE-UDZ, 22471/72 [BKN DEE EXP] BKN-DEE, (Daily). 3. Train No. 04705/06 [SGNR JP TOD SPL] SGNR-JP, 04753/54 [BTI-SGNR PASSENGER] BTI-SGNR, 04755 / 56 [BTI-SGNR PASSENGER] BTI-SGNR, 04765/66 [DUI-BTI PASSENGER] DUI-BTI, 14735/36 [SGNR-UMB EXP] SGNR-UMB (Daily). 4. Train No. 14727/28 [SGNR TKJ EXP] SGNR -TKJ, 14737/38 [BHIWANITKJ EXP] BNW-TKJ (Daily). 5. Train No. 04759/60 [SGNR-SOG PASSENGER] SGNR-SOG, 04761/62 [SGNR-SOG PASSENGER] SGNR-SOG, 04763/64 [SDLP-SGNR PASSENGER] SDLP-SGNR, 04767/68 [HMH-SGNR PASSENGER] HMH-SGNR, 04769/70 [HMH-SGNR PASSENGER] HMH-SGNR, 04773/74 [SGNR-SOG PASSENGER] SGNR-SOG, 04775/76 [SDLP-HMH PASSENGER] SDLP-HMH, 04777/78 [SDLP-HMH PASSENGER] SDLP-HMH, 04779/80 [SGNR-SOG PASSENGER] SGNR-SOG (Daily). 6. Train no. 12467/68 LEELAN EXP] JSM- JP, 14703/04 lgh-jsm exp. 7. Train No. 12439/40 [NED-SGNR EXP VIA HMH] NED-SGNR (Weekly), 12485/86 [NED SGNR EXP] NED-SGNR (Twice in Week).

अन्य सूचना एवं नियम व शर्तो के लिये IREPS की वेबसाईट www.ireps.gov.in पर लॉगिन करे।

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें 1125-AK/24

